हरियाणा आत्मनिर्भर कपड़ा नीति, 2022-25

चर्चा में क्यों?

5 जुलाई, 2022 को हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में जल्द ही 'हरियाणा आत्मनिर्भर कपड़ा नीति, 2022-25' लागू करेगी। इससे प्रदेश में टेक्सटाइल उद्योग को गति मिलेगी, साथ ही एमएसएमई को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रमुख बिंदु

- दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में जहाँ प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल हुआ है, वहीं वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी 'स्टेट ईज ऑफ डूईंग बिजनेस' के पाँचवें संस्करण में हरियाणा को टॉप अचीवर्स कैटेगरी में स्थान मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हरियाणा को एमएसएमई के क्षेत्र में किये गए उल्लेखनीय कार्यों के लिये सम्मानित किया था।
- उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की उद्योगों को अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने की प्रतिबद्धता के कारण ही हरियाणा की 'ईज ऑफ डूईंग बिजनेस', 'ईज ऑफ लॉजिस्टिक्स' और 'एक्सपोर्ट रेडीनेस' में उत्कृष्ट रैंकिंग आई है।
- इसके अतिरिक्त, निर्यात तैयारी सूचकांक (भूमि बंद श्रेणी), 2021 में राज्य को पहला तथा 'लॉजिस्टिक्स ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेटस सर्वे, 2021' में दूसरा स्थान मिला है।
- दुष्यंत चौटाला ने बताया कि प्रदेश सरकार की हरियाणा उद्यम और रोज़गार नीति, 2020, एमएसएमई नीति, 2019 हरियाणा कृषि-व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण नीति, 2018 आदि कई ऐसी नीतियाँ हैं, जिनसे राज्य के एमएसएमई को बहुत लाभ हुआ है और युवाओं के लिये रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/self-reliant-textile-policy,-2022-25